p>

Title: Need to provide facilities to industrialist to promote Glass Industry business in Ferozabad Parliamentary Constituency.

श्री चन्द्र सेन जादौन (फिरोजाबाद): माननीय सभापति महोदय, मैं आपका अति आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया है । मैं प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह जी का भी आभारी हूं कि उन्होंने मुझे सदन में बोलने के योग्य बनाया ।

मैं फिरोजाबाद लोक सभा से संबंध रखता हूं । मेरी लोक सभा क्षेत्र फिरोजाबाद में कांच के उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' के रूप मे चुना गया है । लेकिन दुर्भाग्य यह है कि महानगर फिरोजाबाद के उद्योगपतियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण कांच का उद्योग अपनी ऊंचाइयों पर नहीं पहुंच पा रहा है । मेरा लोक सभा क्षेत्र फिरोजाबाद से प्रति महीने सैंकड़ों उद्योगपति अपने व्यापार हेतु विदेश जाते हैं किन्तु उनके लिए पासपोर्ट की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं । उद्योगपतियों को पासपोर्ट बनवाने के लिए बरेली जाना पड़ता है ।

अत: आपके माध्यम से निवेदन है कि पासपोर्ट की सुविधा आगरा सेंटर में बनाई जाए, जिससे उद्योगपतियों को बरेली न जाना पड़े ।